# DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़
### विभागाध्यक्ष भवन, ब्लाक-3, तृतीय/चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर

**Phone : 0771- 2221376, www.cgdteraipur.cgstate.gov.in, Email-cgdtecounselling@gmail.com**

**:: सत्र 2025-26 में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की सूचना ::**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। इस हेतु अभ्यर्थी का वेब साइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in एवं https://cgdte.admissions.nic.in पर उपलब्ध कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, की अधिसूचना क्रमांक/एफ-9-5/2023/तक.शि./42 अटल नगर, दिनांक 11 मई 2023 में प्रकाशित निम्न प्रवेश नियम के अनुसार अर्हता होना अनिवार्य है।

1. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के बैचलर ऑफ टेक्नालॉजी (बी.टेक.) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023
2. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक.) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम-2023
3. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश नियम 2023
4. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश नियम-2023 एवं संशोधन

ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की प्रवेश प्रक्रिया का अवलोकन भी उपरोक्त वेब साइट के माध्यम से किया जा सकता है, तत्संबंधी तिथियॉ निम्नानुसार है।

| | **प्रथम चरण हेतु तिथियॉ** | | | | | **द्वितीय चरण हेतु तिथियॉ** | | | | | **संस्था स्तर का चरण हेतु तिथियॉ** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/रिजल्ट (Allotment/ Result) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/रिजल्ट (Allotment/ Result)) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | प्रवेश (Admission) |
| बैचलर ऑफ टेक्नालॉजी लेटरल<br>मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी<br>मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन<br>मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 14.07.2025, 10:00 बजे से 18.07.2025 23:59 बजे तक | 20.07.2025, 17:00 बजे | 21.07.2025, 17:00 बजे तक | 22.07.2025, 16:00 बजे | 23.07.2025, 10:00 बजे से 26.07.2025 17:30 बजे तक | 28.07.2025, 10:00 बजे से 30.07.2025 23:59 बजे तक | 01.08.2025, 17:00 बजे | 02.08.2025, 17:00 बजे तक | 03.08.2025, 16:00 बजे | 04.08.2025, 10:00 बजे से 06.08.2025 17:30 बजे तक | 08.08.2025, 10:00 बजे से 10.08.2025 23:59 बजे तक | 11.08.2025, 17:00 बजे | 1. मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में उपस्थित होना- 12 अगस्त 2025 10:00 बजे<br><br>2. संस्था द्वारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने का कार्य। 12 अगस्त 2025 13:00 बजे से 14 अगस्त 2025 17:30 बजे तक |

**सामान्य निर्देश :-**

1. प्रथम चरण की कॉउंसिलिंग के उपरांत पर्याप्त सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही द्वितीय एवं तृतीय चरणों की कॉउंसिलिंग करायी जायेगी।
2. काउंसिलिंग में किया गया सीट का आबंटन प्राविधिक होगा। काउंसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जावेगा।
3. एक पाठ्यक्रम हेतु एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी भी कारणवश कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पा रहा है। तो वह अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों में अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र ले जाकर अपनी समस्या का निदान कर सकता है।
4. कॉउंसिलिंग के प्रत्येक चरण हेतु अभ्यर्थी को पृथक से आवेदन करना होगा, यदि इससे पूर्व चरण में प्रवेश लिया है तो वह संबंधित संस्था अथवा अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र से प्रवेश निरस्त कराना होगा।
5. रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन भी अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं खुली रहेंगी।
6. ऑनलाइन कॉउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु नियंत्रण कक्ष, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, कक्ष क्रमांक-03, ब्लॉक-3, चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष क्रमांक 0771-2221376 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है या cgdtecounselling@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**